53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.0°c
अधिकतम 22.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:52, सूर्यास्त - 6:12 | वर्ष : 53/ अंक : 51 | शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

खुद वो बदलाव बनिए,
जो दुनिया में आप
देखना चाहते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मुख्यमन्त्री जी को उर्दू के बारे में कुछ नहीं पता, वे अकेले में गजल सुनकर रोते हैं : अखिलेश यादव



कभी खुद पे कभी हालात पे रोना आया.....बात निकली तो हर इक बात पे रोना आया.......

# यूपी में युवाओं को लुभाने वाला 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ का बजट पेश

## युवाओं को लुभाने के साथ ही महिलाओं और श्रमिकों के हितों को भी योगी सरकार ने साधा, चार नए एक्सप्रेस-वे भी बनेंगे

**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का 9वां बजट गुरुवार को पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आठ लाख, आठ हजार 736 करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट में कई बड़े ऐलान किए हैं। यूपी सरकार ने इस बजट में युवाओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं की हैं।

युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/ विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है।



वर्ष 2017 से दिसम्बर 2024 तक आरक्षी एवं समकक्ष, उप निरीक्षक एवं समकक्ष तथा लिपिक संवर्ग आदि के विभिन्न पदों पर कुल 1,56,206 भर्तियां की गई। वर्तमान में अराजपत्रित श्रेणी के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के 92.919 पदों पर भर्ती हेतु कार्यवाही प्रचलित है। लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाईयों की संख्या तथा 1.65 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। वर्तमान में प्रदेश में राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/ विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस की 11,800 सीटें और पीजी की 3971 सीटें उपलब्ध है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025-2026 में यूजी पीजी की कुल 10,000 सीटें जोड़े जाने की घोषणा की गई है, जिसमें से 1500 सीटें उत्तर प्रदेश को प्राप्त होंगी। इसके लिए लगभग 2066 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्ष 2017 में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी की कुल सीटों की संख्या 120 थी। शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में सीटों की संख्या को बढ़ाकर 250 किया गया। जनपद बलिया तथा बलरामपुर में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु क्रमशः 27 करोड़ रुपये तथा 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति 2017 के अन्तर्गत 23.203 करोड़ रुपये तथा उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी नीति-20217 के अन्तर्गत 7,004 करोड़ रुपए का निवेश प्रदेश में हुआ है। प्रदेश सरकार की डाटा सेन्टर नीति के अन्तर्गत पूर्व लक्षित 03 डाटा सेन्टर पार्क्स के स्थान पर संशोधित नीति के अन्तर्गत प्रदेश में 30,000 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से 08 डाटा सेन्टर पार्क्स की स्थापना तथा 900 मेगावॉट




क्षमता का लक्ष्य रखा गया है। सेमीकण्डक्टर क्षेत्र में वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए यूपी सेमीकंडक्टर नीति, 2024 प्रख्यापित की गई है। सेमीकंडक्टर इकाइयों के लिए डेडीकेटेड प्रावधान आरंभ करने वाला उत्तर प्रदेश चौथा राज्य है। राज्य में 8 स्टेट ऑफ आर्ट सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के केन्द्रों की स्थापना के अन्तर्गत प्रथम सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स का केन्द्र मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज में तथा आई.आई.टी. कानपुर नोएडा परिसर में आर्टिफिशियल इन्टेलिजन्स के क्षेत्र में एवं आई.आई.टी. कानपुर परिसर में ड्रोन सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स स्थापित होकर परिचालनरत हो गये हैं। जब वर्ष 2017 में हमने कार्यभार सम्भाला था उस समय प्रदेश में औद्योगिक विकास पूरी तरह से रूका पड़ा था। उद्योग प्रदेश से विस्थापित हो रहे थे। उस समय कोई यह कल्पना भी नहीं कर सकता था कि प्रदेश में उद्योग-धन्धे आयेंगे भी, परन्तु दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और लक्ष्य प्राप्ति के अथक प्रयासों से कुछ भी सम्भव है।

## यूपी में चार नए एक्सप्रेस-वे का निर्माण

**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** राज्य सरकार ने यूपी में चार नए एक्सप्रेस-वे के निर्माण का फैसला लिया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, जनपद हरदोई वाया फरुर्खाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जाएगा, जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी, चंदौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिएं 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मेरठ को हरिद्वार से जोड़ने हेतु गंगा एक्सप्रेस-वे विस्तारीकरण एक्सप्रेस-वे का निर्माण प्रस्तावित है जिसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जा रही है। बुन्देलखण्ड रीवा एक्सप्रेस-वे का निर्माण निर्माण प्रस्तावित है जिसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जा रही है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर परियोजना हेतु लगभग 461 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत लगभग साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है।



# दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा सरकार : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ-साथ छह मंत्रियों ने ली शपथ

**नयी दिल्ली 20 फरवरी (वार्ता)** छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आयीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पुरानी कार्यकर्ता रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार की बागडोर संभाली। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने श्रीमती गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्रीमती गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गयी हैं। श्रीमती गुप्ता के बाद क्रमशः नयी दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश साहिब सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद सर्वश्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली।

रामलीला मैदान में तीन मंच सजे थे। बांये मंच पर विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु और कई प्रमुख संत विराजमान थे। बीच के मंच पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाने की व्यवस्था की गयी थी और इस मंच पर प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मोदी मंत्रिमंडल में शामिल अन्य मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री उपस्थित थे। मंच पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और अजीत पवार, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्वोत्तर के नेतागण दिल्ली के सभी सांसद, महापौर तथा केन्द्रीय मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के नेता राजीव रंजन सिंह ऊर्फ लल्लन सिंह उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत राष्ट्र गान से हुयी। इसके बाद दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना को पढ़ा, जिसमें श्रीमती रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री और अन्य छह विधायकों को मुख्यमंत्री नियुक्त करने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से अनुमति दी गयी थी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर श्रीमती गुप्ता को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए लिखा, ह्दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्रीमती रेखा गुप्ता जी को बधाई। वे जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, प्रदेश संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय

शेष - पृष्ठ-4 पर




## सरकार गठन के बाद दिल्ली में विभागों का बंटवारा

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली में सरकार गठन के बाद अब विभागों का भी बंटवारा हो गया है। रेखा गुप्ता के पास गृह और वित्त मंत्रालय रहेगा। दिल्ली में सरकार गठन के बाद अब विभागों का भी बंटवारा हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पास गृह और वित्त विभाग रहेगा। मनजिंदर सिंह सिरसा को उद्योग, पर्यावरण मंत्रालय दिया गया है। नवगठित दिल्ली मंत्रिमंडल में निम्नलिखित मंत्री और उनके विभाग शामिल हैं-

- **मुख्यमंत्री रेखा गुप्ताः-** वित्त, राजस्व, भूमि, योजना, सामान्य प्रशासन, महिला एवं बाल विकास व अन्य ऐसे मंत्रालय जो किसी अन्य के पास नहीं हैं।
- **प्रवेश वर्माः** पीडब्ल्यूडी, जल
- **आशीष सूदः** गृह, ऊर्जा, शिक्षा
- **मनजिंदर सिंह सिरसाः** उद्योग, खाद्य, पर्यावरण
- **कपिल मिश्राः** विधि एवं न्याय, कला-संस्कृति
- **रविंद्र इंद्राज सिंहः** समाज कल्याण
- **पंकज सिंहः स्वास्थ्य,** परिवहन, आईटी

# योगी सरकार लाई यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट

## प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए 8.8 लाख करोड़ रुपये की हुई घोषणाएं

**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है।

योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है। इसमें सड़क निर्माण, औद्योगिक विस्तार, परिवहन व्यवस्था और निवेश को आकर्षित करने जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। योगी सरकार ने शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 13 प्रतिशत बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है। इसमें प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेस स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बजट में प्रस्तावित हैं।

उत्तर प्रदेश को तकनीकी हब बनाने के लिए योगी सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव बजट के जरिए पेश किया है। इसमें 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही साइबर सिक्योरिटी में टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रांसलेशन पार्क स्थापित करने की योजना, जिससे डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

शेष - पृष्ठ-4 पर

## 'हर एक ख्वाब को सच कर दिया है योगी ने।' बजट भाषण में सुरेश खन्ना के शायराना अंदाज पर खूब बजीं तालियां

**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का चौथा बजट आज पेश कर दिया। बजट का आकार 8 हजार करोड़े से ज्यादा है। यह बजट यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट भाषण के जरिए यूपी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा, किसी भी समाज के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिये सुदृढ़ कानून व्यवस्था का होना पहली शर्त है। जब हमारी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में कार्यभार सम्भाला था उस समय प्रदेश गुण्डाराज की गिरफ्त में था यह सभी को मालूम है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने अपराध के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति के तहत गुण्डों, माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ अभियान चला कर कार्रवाई की। उन्होंने शेर पढ़ते हुए कहा कि- रात कितनी ही भले हो स्याह आखिर में उसे, मात खानी ही पड़ेगी रोशनी के हाथ से।

- लोग कहते हैं बदलता है जमाना अक्सर
खास वो हैं जो जमाने को बदल देते हैं।
लोग यहाँ ख्वाब दिखाते हैं अक्सर
हर एक ख्वाब को सच कर दिया है योगी ने।
तुम सोच रहे हो बस, बादल की उड़ानों तक
मेरी तो निगाहें हैं, सूरज के ठिकानों तक

## पाँचवी पुण्यतिथि



जन्मतिथि 01/01/1940 | निर्वाण तिथि 21/02/2020

**स्व. लाजवंती देवी**

चिट्ठी ना कोई संदेश, न जाने वो कौन सा देश, जहाँ तुम चले गए...

पाँच वर्ष पूर्व आज ही के दिन आप हमारा साथ छोड़कर चली गई थीं। ये हम सब जानते हैं कि मृत्यु जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई है, लेकिन आपके अचानक चले जाने का यकीन पाँच वर्ष बाद भी किसी को नहीं आ पा रहा है। बच्चों और हमें दिया हुआ आपका प्यार हम सबको अभी भी अच्छे से याद है और आपके गृहस्थी चलाने के गुणों की चर्चा आज भी आपकी बेटियां, बहिने और बहुएँ याद करते नहीं थकती। हम सब के जन्मदिन याद रखने की आपकी आदत और हमारे लिए आशीर्वाद, उपहार देने की आदत हम कभी नहीं भूलेंगे। आपने अपनी पुत्री के प्रति प्रत्येक त्यौहार पर, जिस तरह से अपना धर्म निभाया, वह वास्तव में अनुकरण करने योग्य था। एक भी त्यौहार ऐसा नहीं होता, जिसमें आपने अपने हाथों से खाना परोसकर अपनी पुत्री के घर ना भेजा हो। मुझे (अंकुर दुआ) खुशी है कि आपके जाने के बाद आपकी पुत्री ने आपके द्वारा दिये हुए सारे गुण अपनाये। हम सबमें सबसे ज्यादा यदि आपके लिए कोई दिल से बिलबिलाता है, तो आपकी बेटी है, वो आपके जाने के पाँच वर्ष बाद भी आपको अपनी यादों में जीवित रखे हुए है और आपकी धेवतियों और धेवते को आपका प्यार कभी नहीं भूलेगा, नानी हमारे लिए ये बनाती थी, नानी हमारे लिये ये सामान लाती थी, वो आज भी यही कहते रहते हैं। आपने हर रिश्ते को बड़ी ही इज्जत व प्रेम के साथ निभाया। आपकी यादें आपको हमेशा हमारे बीच जीवित रखेंगी। आप हमारी आंखों से कभी ओझल नहीं हो पाओगी, ये हम सबका आप से वादा है, हम सब के लिये किया गया आपका त्याग कभी व्यर्थ नहीं जायेगा। आप हमारे दिलों में जीवित हैं और हमेशा रहेंगी। हमारे द्वारा चढ़ाये गए शब्दरूपी श्रद्धा–सुमन को आप जरूर स्वीकार करना।

**सादर श्रद्धा–सुमन**

पूजा दुआ–अंकुर दुआ (पुत्री–दामाद)
अनिल अरोरा, घनश्याम अरोरा (भतीजे)
वंश दुआ (धेवता)
एवं समस्त 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' परिवार





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## दिल्ली में भव्य शपथ ग्रहण समारोह

कल दिल्ली के रामलीला मैदान में दिल्ली की मुख्यमन्त्री के रूप में रेखा गुप्ता ने शपथ ली। उनके साथ 6 कैबिनेट मंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई है। दिल्ली में यह शपथ ग्रहण समारोह भव्य रहा। एनडीए के सभी दलों के बड़े नेता इस समारोह में दिखाई दिए। दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से जीत दर्ज कर पहली बार रेखा गुप्ता विधायक बनीं और पहली ही बार में उन्हें दिल्ली का मुख्यमन्त्री बना दिया गया। कई बौखलाए हुए चैनल 08 फरवरी ही से तरह-तरह की स्टोरी पेश कर रहे थे। अंततः रेखा गुप्ता के नाम पर मोहर लगी। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमन्त्री होंगी। उनसे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। दिल्ली की नयी मुख्यमन्त्री एक वकील भी हैं और उन्होंने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ से एलएलबी की डिग्री हासिल की है। रेखा गुप्ता को केजरीवाल और आतिशी ने भी बधाई दी है। आम आदमी पार्टी के दोनों नेताओं ने कहा है कि वह दिल्ली के विकास के लिए नये सीएम का पूरा सहयोग करेंगे। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि भाजपा के लिए महिला सम्मान सबसे बड़ी प्राथमिकता है। रेखा गुप्ता को विधायक दल का नेता बनने की और दिल्ली के मुख्यमन्त्री पद पर बैठने की बहुत-बहुत बधाई। सांसद बांसुरी स्वराज ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि रेखा जी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर बहुत बधाई। मैं जानती हूं कि प्रधानमन्त्री जी के नेतृत्व में रेखा जी दिल्ली में विकास के एक अध्याय को रेखांकित करेंगी। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि दिल्ली की नई मुख्यमन्त्री रेखा गुप्ता अपने विस्तृत अनुभव के साथ केंद्र शासित प्रदेश के विकास के लिए पूरी शक्ति से काम करेंगी। पीएम मोदी ने रेखा गुप्ता को मुख्यमन्त्री बनने की बधाई दी है। प्रधानमन्त्री ने एक्स पर लिखा कि श्रीमती रेखा गुप्ता जी को दिल्ली की मुख्यमन्त्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक के साथ-साथ मुख्यमन्त्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वह दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी। उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं। इस भव्य शपथ ग्रहण समारोह में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमन्त्री, उपमुख्यमन्त्री और सहयोगी दलों के कई नेता शामिल हुए। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जब मंच पर आए, तो उन्होंने एनडीए के सभी नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और जनसेना पार्टी के नेता और फिल्मी सितारे पवन कल्याण की चुटकी भी ली। पीएम ने पवन कल्याण के पहनावे को देखकर पूछ लिया कि क्या सब कुछ छोड़कर हिमालय जाने वाले हैं? पवन कल्याण गहरे अर्थ में हिंदुत्व को जीते हैं, इन दिनों वे खास व्रत दीक्षा पर हैं और धार्मिक अनुष्ठान के तहत तीर्थस्थलों की यात्रा भी कर रहे हैं। वह आजकल सादे गेरुआ रंग के सूती कपड़े पहनते हैं। पवन कल्याण ने खुद पीएम मोदी से बातचीत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमन्त्री हमेशा मेरे साथ मजाक करते हैं। आज उनके पहनावे को देखकर पीएम ने पूछ लिया कि क्या सब कुछ छोड़कर हिमालय जा रहे हैं। इस पर पवन कल्याण ने कहा कि वे अभी कहीं नहीं जा रहे हैं। पीएम ने चुटकी लेते हुए कहा कि अभी बहुत काम करना बाकी है, हिमालय इंतजार कर सकता है। अभिनेता ने बताया कि दीक्षा के तहत वह आजकल पवित्र जीवन जीते हैं। वें दक्षिण भारत के मंदिरों में जा रहे हैं। यहां तक कि महाकुंभ में भी स्नान किया है। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि मैं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को बधाई देता हूं। वह यहां इतिहास रच रही हैं। यह एक खूबसूरत जीत थी। यह भाजपा और एनडीए के लिए एक मीठी सफलता थी। यह पीएम मोदी, अमित शाह और भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से की गई लगातार कड़ी मेहनत के कारण संभव हुआ। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मृत्युकुंभ टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह कहना सही नहीं है। पीएम नरेन्द्र मोदी, मंच पर मौजूद अन्य नेताओं जेडी यू नेता ललन सिंह, बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू से भी मिले। चंद्रबाबू नायडू से उनकी संक्षिप्त बातचीत हुई, जबकि अन्य नेताओं से उनका सामान्य अभिवादन हुआ। तेलगूदेशम पार्टी एनडीए की सबसे बड़ा सहयोगी पार्टी है। हाल ही में केंद्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए जो राशि जारी की, उसका आधा हिस्सा आंध्रप्रदेश को दिया गया। दिल्ली के सियासी गलियारों में चर्चा है कि रेखा गुप्ता को चुनकर भाजपा ने कई राजनीतिक संदेश दिए हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प नारी, युवा, किसान और गरीब के चार अमृत स्तंभों के खांचे में रेखा गुप्ता फिट बैठती हैं। महिला होने के साथ ही वे तेजतर्रार युवा नेता भी हैं। छात्र जीवन से सक्रिय राजनीति में दखल उन्हें सियासी तौर पर मजबूत बनाता है। भाजपा ने रेखा गुप्ता को सीएम बनाकर वैश्य और हरियाणा कार्ड भी खेला है। चर्चा यह भी है कि यदि दिल्ली विधानसभा में आतिशी, नेता प्रतिपक्ष बनती हैं, जिसकी संभावना है, तो उनके महिला कार्ड का जवाब भाजपा के महिला कार्ड ही से दिया जाएगा। रेखा गुप्ता वर्तमान में देश की दूसरी महिला मुख्यमन्त्री होंगी। पूरे देश में वर्तमान में ममता बनर्जी एकमात्र महिला मुख्यमंत्री हैं। पत्रकारों से बात करते हुए दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने अपनी नियुक्ति को चमत्कार और राजनीति में महिलाओं के लिए नया अध्याय बताया। सीएम रेखा गुप्ता ने भ्रष्ट व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की कसम खाई। दिल्ली सीएम ने कहा कि यह चमत्कार है, यह नई प्रेरणा और नया अध्याय है। अगर मैं मुख्यमंत्री बन सकती हूं, तो इसका मतलब है कि सभी महिलाओं के लिए रास्ते खुले हैं। भ्रष्टाचार पर रेखा गुप्ता ने कहा कि जो कोई भी भ्रष्ट है, उसे एक-एक रुपये का हिसाब देना होगा। दिल्ली की मुख्यमन्त्री ने कहा कि यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा हाईकमान का शुक्रिया अदा करती हूँ। मैं अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निबाहूँगी, मेरी पहली प्राथमिकता हमारी पार्टी की ओर से किए गए सभी वादों को पूरा करना है और दूसरी प्राथमिकता यह है कि हमारे सभी 48 विधायक टीम मोदी के रूप में काम करेंगे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की मुख्यमन्त्री बनूंगी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

*इतिहास* *मूवी* *जुल्म* *महान*

क्या लिखा इतिहास में और उसको हमने क्या पढ़ा।
छावा मूवी देखकर हमको लगा झूटा पढ़ा।।
जुल्म थे जिसने किए उसको बताया है महान,
जाहिलों ने जो लिखा अब तक वही कचरा पढ़ा।



## डीएम दरबार पहुंचे शफीपुर पट्टी के ग्रामीण, न्याय की गुहार

मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)। बुढ़ाना तहसील के गांव शफीपुर पट्टी के दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम दरबार में पहुंच सरकारी चकरोड पर कुछ लोगों द्वारा किए जा रहे अवैध खनन को रोके जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं की गई तो बरसात के दिनों में इस होने वाले अवैध खनन से सरकारी मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना भी होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। बुढ़ाना तहसील के निकटवर्ती गांव शफीपुर पट्टी के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरूवार को अनिल त्यागी के नेतृत्व में डीएम दरबार में पहुंच सरकारी चकरोड पर गांव के ही अमित व रणधीरा आदि पर अवैध खनन किए जाने के गंभीर आरोप लगाए। डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी चकरोड पर लगे खडंजे को धर्मबीर के बाग के पास इन लोगों ने इतना खोद दिया, जिसमें कभी भी मिट्टी के ढह जाने से वहां गहरा गड्ढा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं की गई तो बरसात के दिनों में इस तरह होने वाले अवैध खनन से सरकारी मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना भी होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने एसडीएम सदर को आदेशित कराते हुए इस मामले में कड़ी कार्यवाही कराए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान मदन त्यागी, पप्पू, नीटू, अमित आदि मौजूद रहे।

## ठेकेदार पर दो माह से वेतन न देने का लगाया गंभीर आरोप

### - आउटसोर्स मालियों ने ईओ कार्यालय पर दिया धरना



मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)। नगर पालिका परिषद् की ओर से कंपनी बाग में आउटसोर्स के आधार पर रखे मालियों ने वेतन न मिलने के आरोप लगाते हुए गुरूवार को टाउनहाल पहुंच कर ईओ कार्यालय के बाहर ही धरना दे दिया। वेतन भुगतान की मांग को लेकर वो पूरे दिन वहीं पर डटे रहे और वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाया। इस दौरान नगर पालिका पहुंची ईओ ने उनसे वार्ता करके बताया कि पालिका प्रशासन उनका वेतन दिलाने के लिए पूरी तरह से संवेदनशील है, लेकिन ठेकेदार द्वारा बिल प्रस्तुत नहीं किया, जिस कारण भुगतान नहीं हो पाया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दो तीन दिनों में वेतन जारी करा दिया जायेगा। नगरपालिका परिषद् ने कम्पनी बाग के साथ शहर के डिवाईडरों पर लगाए पेड़-पौधों की देखरेख करने के लिए आउटसोर्स पर दस मालियों की सेवा ली थी, जो अभी कार्य कर रहे हैं। गुरूवार को ये माली टाउनहाल पहुंचे और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के कार्यालय में पहुंचने से पूर्व ही वहां पर धरना देकर बैठ गए। पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हर्ष कुमार ने बताया कि वर्तमान में उनका दिसम्बर व जनवरी माह का वेतन रूका हुआ है। इसके लिए ठेकेदार से सम्पर्क करते हैं तो कहा जाता है कि पालिका से पैसा नहीं मिल रहा है, पालिका में आते हैं तो यहां कोई आश्वासन नहीं मिलता। वो पहले भी करीब नौ माह तक कार्य कर चुके हैं, लेकिन उसका पैसा उन्हें नहीं मिला। वो ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से भी मिले और अपनी समस्या रखी। तीन दिन पूर्व भी वो चेयरपर्सन से मिले थे। उनको वेतन जल्द दिलाने का आश्वासन दिया था। वेतन नहीं मिलने से उनको समस्या उत्पन्न हो रही है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से हर्ष कुमार, यश कुमार दक्ष, राहुल कुमार, जीत लाल, रितिक कुमार, गगन सैनी, मोहित कुमार शामिल रहे। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने मालियों से वार्ता करते हुए बताया कि ठेकेदार द्वारा मासिक बिल विभाग में जमा न करने के कारण उनका दो माह का वेतन रूका है। ये ठेकेदार की जिम्मेदारी है कि नगर पालिका से भुगतान नहीं होने के बावजूद उनको कर्मचारियों का वेतन जारी करना होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि दो तीन दिन में उनका वेतन ठेकेदार से जारी करा दिया जायेगा, लेकिन वो संतुष्ट नहीं हुए और वार्ता के बाद कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रहे। दो माह का वेतन ठेकेदार से बिल न आने के कारण रूक गया है, ठेकेदार को वेतन न देने के लिए तलब किया है। साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार को भी वेतन दिलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

-उधर एनएसए डॉ. अतुल ने बताया कि ठेकेदार को बिल प्रस्तुत करने के लिए कहा है, साथ ही वेतन रोकने पर जवाब मांगा गया है। उन्होंने कहा कि बिना अवकाश लिए माली यहां धरने पर बैठे और कार्य नहीं किया, इसके लिए भी उनका वेतन काटने की कार्यवाही ठेकेदार को करने के निर्देश दिए हैं।

## हिंदू क्रांतिकारी सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे शिवचौक

* योगी जी को प्रधानमंत्री बनाने की भावना से निकले यात्रा पर
* गाजियाबाद से हरिद्वार जाकर लाएंगे गंगाजल, करेंगे जलाभिषेक

मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)। हिंदू क्रांतिकारी सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मछेन्द्रपुरी जी महाराज हठयोगी गुरूवार को गाजियाबाद से हरिद्वार तक की अपनी साइकिल यात्रा के बीच नगर के हृदयस्थल शिवचौक पर पहुंचे, जहां हिन्दु संगठनों ने लोगों ने उनका स्वागत करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की। इस दौरान शिवचौक पर बम-बम, बोल-बम का जयघोष गूंज उठा। प्रदेश के गाजियाबाद जनपद में हरिद्वार रोड पर हापुड़ चुंगी के पास हिंडन विहार में स्थित श्री शिव मंदिर बालाजी धाम का यह मंदिर महानिर्वाणी अखाड़े से संबंधित है। मंदिर कांवड़ यात्रा के मार्ग में करीब 150 मीटर अंदर पड़ता है। इस मंदिर के महंत मछेन्द्र पुरी जी महाराज यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश का प्रधानमंत्री बनाए जाने को लेकर महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा आशुतोष को जलाभिषेक करेंगे। गुरूवार में अपने पवित्र एवं दृढ़ संकल्प के साथ साइकिल यात्रा शुरू करने के बीच शिव चौक पर पहुंचे। यहां पर बाबा भगवान भोलेनाथ की पूजा करते हुए महाराज मछेन्द्र पुरी ने हरिद्वार की ओर प्रस्थान किया। सुरक्षा कारणों से मछेन्द्र पुरी जी महाराज के साथ पुलिस अधिकारियों का साथ एस्कॉर्ट चल रहा है। उन्होंने बताया कि हिन्दुत्व की रक्षा एवं कानून व्यवस्था को पूरी तरह मजबूत करने के साथ देश की बेहतरी के लिए साइकिल यात्रा के बूते जागरुकता अभियान शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि जनपद गाजियाबाद से हरिद्वार तक की इस साइकिल यात्रा के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश का प्रधानमंत्री बनाए जाने की मनौती को लेकर शुरू की है। उनकी



इच्छा है कि महाशिवरात्रि पर बाबा भगवान भोलेनाथ की पूजा करते हुए यह प्रार्थना करेंगे कि भविष्य में देश का प्रधानमंत्री योगी आदित्यनाथ को बनाया जाए।

## होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



चरथावल, 20 फरवरी (बु.)। बुधवार को थाना प्रांगण में आगामी त्यौहार शिवरात्रि, होली और माहे रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी आईपीएस राजेश धुनावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें चरथावल थाना प्रभारी आईपीएस राजेश धुनावत ने कहा कि आगामी हिंदू, मुस्लिम त्यौहार को सभी प्रेम सौहार्द्र के साथ मिलकर मनाये। त्यौहारी माहौल में किसी भी तरह की गलत अफवाह फैलाकर गडबड़ी फैलाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी तथा करने वाले व्यक्ति के साथ पुलिस सख्ती के साथ पेश आएगी। इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने कहा कि त्यौहारों को मिलजुल कर मनाए। कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के त्यौहारों में शरीक होकर आपस में उत्साहवर्धन करें, जिससे आपसी मेलजोल बढ़े। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गर्ग,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग, सैदपुरा प्रधान कामिल प्रधान, त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान चौकडा, हुसैन प्रधान दधेडू, विनोद फौजी, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## रेखा गुप्ता के सीएम बनने पर शाहपुर के भाजपाइयों ने जश्न मनाया

- उमेश मित्तल के प्रतिष्ठान पर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी गई

- 27 वर्षों बाद दिल्ली में भाजपा का राजनीतिक वनवास खत्म हुआ- श्यामपाल भाई जी

शाहपुर, 20 फरवरी (बु.)। दिल्ली में भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण पर शाहपुर में भाजपाइयों ने जमकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी गई। भाजपा नेता उमेश मित्तल के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी ने कहा कि दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व ने महिला मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का चयन कर आधी आबादी को ताकत दी है, वहीं नयी दिल्ली चुनाव में केजरीवाल को धूल चटाने वाले जुझारू नेता प्रवेश वर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाकर अहम जिम्मेदारी सौंपी है। 27 साल बाद भाजपा की दिल्ली सत्ता में वापसी पर शाहपुर कस्बे के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी उमेश मित्तल के प्रतिष्ठान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल भाई जी, मणिकांत मित्तल, राजीव मित्तल, ललित जैन, ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, सभासद मनोज अरोरा, पूर्व सभासद उमेश गोयल, प्रमोद गर्ग, मनोज सिंघल, अतुल सिंघल बंटी, सुनील मित्तल, अनिल बंसल, बिट्टू राज वर्मा, संयम जैन, धर्मेंद्र सैनी, हनी जैन, हर्षित सिंघल, मनीष गर्ग, मोहित गोस्वामी, अनिल गोयल, अफ्फान सलमानी, हनु मित्तल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।







## शरणवीर सिंह बने देशवाल खाप के नये चौधरी

- स्व. राजेंद्र सिंह की शोकसभा में नरेश टिकैत समेत कई खाप चौधरी हुए शामिल

शाहपुर, 20 फरवरी (बु.)। देशवाल खाप के चौधरी स्व. राजेंद्र सिंह देशवाल की आयोजित शोक सभा में विभिन्न खाप चौधरियों व राजनैतिक लोगों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। क्षेत्र के गांव शाहजुड्डी निवासी देशवाल खाप के चौ. राजेंद्र सिंह देशवाल का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। बृहस्पतिवार को उनके आवास पर आयोजित रस्म पगड़ी में विभिन्न खाप चौधरियों के अलावा राजनैतिक दलों के नेताओं ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके समाज हित में किये गए कार्यों पर प्रकाश डाला। शोक सभा में भाकियू सुप्रीमो चौ. नरेश टिकैत व सर्व खाप मंत्री चौ. सुभाष बालियान की अगुवाई में उपस्थित सभी खाप चौधरियों ने देशवाल खाप के चौ. स्व. राजेंद्र सिंह के ज्येष्ठ पुत्र चौधरी शरणवीर सिंह को पगड़ी बांधकर देशवाल खाप की बागडोर सौंपी। गौरतलब है कि कई दशकों की देशवाल खाप के चौधरी की तलाश के बाद आखिरकार 2012 में गांव शाहजुड्डी निवासी चौ. राजेंद्र सिंह को पगड़ी पहनाकर देशवाल खाप का चौधरी बनाया गया था। खाप चौधरी बनने के पश्चात उन्होंने सामाज हित में कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए सामाजिक लाडली योजना चलाई थी। इसके अलावा दहेज प्रथा, मृत्यु भोज प्रतिबन्ध, नशाखोरी, शिक्षा का स्तर ऊंचा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जगह-जगह पंचायत कर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया। स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद भी अंतिम सांस तक वें घर पर रहकर समाज हित व देशहित की बातें सदैव करते रहते थे। रस्म पगड़ी के अवसर पर सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व मंत्री योगराज सिंह के अलावा अहलावत खाप के चौ. गजेंद्र सिंह, पंवार खाप के चौ. धर्मवीर सिंह, कुंडू खाप के चौ. उपेंद्र सिंह, बेनीवाल खाप के चौ. अमित बेनीवाल, बुड़ियान खाप चौ. सचिन बुड़ियान, लाटियान खाप के चौधरी वीरेंद्र सिंह, चौहान खाप के चौधरी विवेक चौहान, धनखढ खाप के चौ. बिजेंद्र सिंह, गठवाला खाप के चौ. राजेंद्र सिंह, घनघस खाप के चौ. सुखपाल सिंह, जटराणा खाप के चौ. अजय सिंह, थाम्बेदार रामकुमार, संजय सिंह, किसान नेता धर्मेंद्र मलिक, अशोक बालियान, रमेश फौजी बिजरोल, भाकियू नेता सतेंद्र प्रधान, सोनू काबा, विकास बालियान, जितेंद्र बालियान, डॉ. लोकेंद्र बालियान, संजीव देशवाल, सत्यवीर सिंह सेक्रेटरी, नरेंद्र सिंह प्रमुख जानसठ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चकबन्दी कार्यालय पर चल रहा भाकियू का धरना समाप्त



चरथावल, 20 फरवरी (बु.)। चकबंदी दफ्तर पर चल रहे धरने में तहसीलदार सदर व चकबंदी के अधिकारी पहुंचे, जिन्होंने मुथरा, न्यामू, पीपलशाह आदि गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के लिए कल से ही पूरी टीम लगाकर एवं मुथरा गांव में नल का निर्माण और कब्जा परिवर्तन का काम किया जाएगा, जो और मुद्दे थे, उन सब पर सहमति हो गई और कल डीएम के साथ मीटिंग होगी, उसमें मुद्दों पर उनके साथ चर्चा करके आगे का कार्यक्रम चलेगा। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में इस बार भी वृद्धि नहीं किये जाने से किसानों में रोष व्याप्त है। धरने पर बैठे भाकियू नेता विकास शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने गन्ने की होली जलाकर विरोध प्रकट किया। किसान नेता विकास शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस बार भी गन्ना मूल्य न बढ़ाकर किसानों का शोषण करने का कार्य किया है। आगामी चुनावों में किसान इसका जवाब अवश्य देंगें। भाकियू नेता विकास शर्मा ने कहा कि जब तक चरथावल क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक धरना अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। मौके पर विकास शर्मा एनसीआर अध्यक्ष नगर अध्यक्ष सौरभ त्यागी, शीलू त्यागी, भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता पवन त्यागी, दीपक चौधरी, आकाश मलिक, सोनू त्यागी, साबू पुंडीर, सलीम, रवि शर्मा, बालिस्टर, रामकुमार प्रधान, शंभू सिंह, सुभाष, निखिल चौधरी, पप्पू त्यागी, नीटू त्यागी व मन्नू त्यागी आदि शामिल रहे।

## दूल्हे ने ठुकराया दहेज में मिला 21 लाख रुपये का शगुन



सहारनपुर, 20 फरवरी (एजेंसी)। हरियाणा के पंचकूला से आए दूल्हे ने दहेज में मिले 21 लाख रुपये लौटा दिए। केवल एक रुपया और नारियल लेकर विवाह किया। दूल्हे का कहना है कि दहेज एक बड़ी सामाजिक बुराई है। इसे बंद होना चाहिए। बुधवार को छुटमलपुर के गांव गंगाली निवासी मनोज पुंडीर की बेटी स्नेहा की शादी छुटमलपुर के एक बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। बरात हरियाणा के पंचकूला के गांव बागवाली निवासी कृष्णपाल सिंह का बेटा सचिन राणा लेकर आया था। शादी के दौरान टीका रस्म के लिए जब दुल्हन पक्ष ने 21 लाख रुपये शगुन के तौर पर दूल्हे को भेंट किए तो उसने यह कहते हुए रकम वापस लौटा दी कि वह केवल एक रुपया और नारियल लेगा। दुल्हन सचिन ने कहा कि आप बेटी दे रहो, इससे ज्यादा कुछ नहीं चाहिए। दुल्हन पक्ष के काफी आग्रह के बाद भी दूल्हे ने उक्त रकम स्वीकार नहीं की। दूल्हा सचिन कारोबारी और पिता किसान हैं और संपन्न परिवार से ताल्लुक रखते हैं। सचिन और स्नेहा दोनों स्नातक तक पढ़े हैं। मांडुवाला के प्रधान विजयपाल सिंह राणा, शाकंभरी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन संजय राणा, राकेश राणा, प्रधान रघुबीर सिंह आदि ने दूल्हे के इस कदम की तारीफ की।

## भाजपा में शामिल हुए सात नेताओं को कांग्रेस ने पार्टी से निकाला

चंडीगढ़, 20 फरवरी (एजेंसी)। हरियाणा में शहरी निकाय चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके सात नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष ने छह साल के लिए संगठन से निकाल दिया है। हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने भाजपा में शामिल हो चुके इन नेताओं पर कांग्रेस विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगाए हैं। यह कांग्रेस नेता अलग-अलग समय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आस्था जताते हुए भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इन कांग्रेसियों के पार्टी छोड़ने से पूरे राज्य में कांग्रेस के प्रति नकारात्मक संदेश गया है। कांग्रेस के कुछ और नेता जल्दी ही भाजपा में शामिल होने को तैयार बैठे हैं। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस गुटबाजी का शिकार रही है। प्रदेश में 10 साल से अधिक समय से कांग्रेस का संगठन नहीं बन पाया है। कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया को भी हाईकमान ने बदल दिया है। कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश महासचिव गुरुग्राम निवासी हरविंद्र लवली तथा पीसीसी डेलीगेट गुरुग्राम निवासी राम किशन सेन को भी पार्टी से निकाला गया है। हरियाणा में प्रियंका गांधी के परिवार के नजदीकी तिगांव के पूर्व विधायक ललित नागर पर भी भाजपा डोरे डाल रही है। सीएम के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ उनकी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करा चुके हैं।

## आतिशी ने सीएम बनी रेखा गुप्ता से मांगे बैंक खाते में 2500 रुपये

नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाए जाने की पहले बधाई दी और फिर भाजपा के घोषणा पत्र के मुताबिक दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये देने की मांग की। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता अपने पहले कैबिनेट बैठक में इस फैसले पर मुहर लगाएं। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते रेखा गुप्ता जी से उम्मीद है कि वह दिल्ली की महिलाओं से किया गया वादा जरूर पूरा करेंगी। आतिशी ने आगे कहा कि पीएम मोदी और भाजपा के सभी नेताओं और खुद रेखा गुप्ता ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि वे दिल्ली की महिलाओं के बैंक खातों में 2500 जमा करेंगे। भाजपा ने वादा किया था कि पहली किस्त 8 मार्च (2025) तक जारी की जाएगी। आज शपथ ग्रहण समारोह पूरा हो गया है, नई सरकार बन गई है और आज कैबिनेट की बैठक होने जा रही है। मैं भाजपा सरकार से मांग करती हूं कि वह दिल्ली की सभी महिलाओं के लिए पैसे जारी करने की योजना पारित करे जिसका उन्होंने वादा किया था। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में एक बार फिर राजनीतिक अदावत देखने को मिली। आम आदमी पार्टी ने उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम से दूरी बनाकर रखी।

## आज न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे जिले के अधिवक्ता

मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)। सिविल बार एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन मुजफ्फरनगर के बैनर तले शुक्रवार को कचहरी में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देश पर प्रातः 11:30 बजे से सभी अधिवक्ता इस दौरान उक्त अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करेंगे। जिला बार संघ के अध्यक्ष ठा.कुंवर पाल सिंह व महासचिव चंद्रवीर सिंह निर्वाल, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील मित्तल और महासचिव राज सिंह रावत समेत अन्य पदाधिकारी और अधिवक्ता डीएम को इसके विरोध में ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के फैंथम हाल में जनरल हाउस की बैठक है। जिसके कारण इस बीच अधिवक्ता न्यायालयों में उपस्थित नहीं हो पाएंगे। उन्होंने इसके चलते अधिवक्ताओं की वाद विशेष में अनुपस्थिति की दशा में वादकारी हित के विपरीत कोई प्रतिकूल न्यायिक आदेश पारित न किया जाए। इस प्रकार का प्रस्ताव न्यायालयों में भेजा जा रहा है।

## यूपी में सरकारी भूमि की खुदाई में निकला प्राचीन शिवलिंग, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़; कई अफसर भी पहुंचे




लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)। यूपी के हापुड़ स्थित थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव रसूलपुर व फतेहपुर के जंगल में सरकारी भूमि की खोदाई के दौरान बृहस्पतिवार को शिवलिंग निकल गया। शिवलिंग निकलने की सूचना पर सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण यहां एकत्र हो गए। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों व ग्रामीणों ने गांव रसूलपुर स्थित प्राचीन मंदिर में शिवलिंग को स्थापित कराया। गांव रसूलपुर निवासी जयकरण व उनके पांच भाइयों के गांव रसूलपुर व फतेहपुर के जंगल में खेत हैं। जबकि उनके खेत के बराबर में सरकारी भूमि भी स्थित है। बृहस्पतिवार को राजेंद्र इस भूमि पर मिट्टी खोद रहा था। उन्होंने बताया कि इस भूमि की खुदाई के दौरान यहां शिवलिंग निकला गया। शिवलिंग निकले की खबर दोनों गांव में आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। सूचना पर दोनों गांव के सैंकड़ों ग्रामीण यहां एकत्र हो गए। जिनमें से किसी इसकी सूचना पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को दी। सूचना पर एडीएम संदीप कुमार, एसडीएम अंकित वर्मा, थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर शिवलिंग को मंदिर में स्थापित कराने की बात कही। जिस पर ग्रामीण सहमत हो गए। अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीण शिवलिंग को गांव रसूलपुर के प्राचीन मंदिर में लेकर पहुंचे। जहां विधि विधान के साथ शिवलिंग को स्थापित कर दिया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। एडीएम संदीप कुमार का कहना है कि लोगों की भावनाओं को देखते हुए शिवलिंग को मंदिर में स्थापित कर दिया गया है। हालांकि खोदाई से पहले अधिकारियों या पुलिस को सूचना देनी चाहिए थी। हालांकि ग्रामीणों ने खुद ही शिवलिंग को मंदिर में स्थापित करने का निर्णय ले लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर शिवलिंग को मंदिर में स्थापित कराने की बात कही। जिस पर ग्रामीण सहमत हो गए। अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीण शिवलिंग को गांव रसूलपुर के प्राचीन मंदिर में लेकर पहुंचे। जहां विधि विधान के साथ शिवलिंग को स्थापित कर दिया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)। नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। कुमार ने बुधवार को 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिन्होंने कार्यकाल खत्म होने के बाद मंगलवार को पद छोड़ दिया था।राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बैठक की तस्वीर साझा की। पोस्ट में कहा गया, भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। ज्ञानेश कुमार मार्च 2024 से निर्वाचन आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और सोमवार को उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया गया। राजीव कुमार के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद ज्ञानेश कुमार को निर्वाचन आयोग के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुखबीर सिंह संधू निर्वाचन आयुक्त हैं, जबकि विवेक जोशी को सोमवार को निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया।

## हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटें उग्रवादी: अमित शाह



नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र के उग्रवादियों से अपील कि वे अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में उनके योगदान का स्वागत किया जाएगा। शाह असम राइफल्स की ओर से आयोजित 'एकता उत्सवः एक आवाज, एक देश' कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि पूर्वोत्तर शांति और विकास चाहता है और भारत के आंतरिक हिस्से के रूप में काम करना चाहता है। गृह मंत्री ने कहा, मैं उन सभी उग्रवादियों से अपील करता हूं, जिन्होंने अब तक आत्मसमर्पण नहीं किया है कि वे अपने हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों। भारत की विकास यात्रा में आपकी भागदारी का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों पूर्वोत्तर में हिंसा में 70 फीसदी कमी आई है, सुरक्षा बलों में मौते 70 फीसदी कम हुई हैं और नागरिकों की मौत में 85 फीसदी की कमी आई है। शाह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 10 हजार से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए गए हैं और राज्यों के बीच दो सीमा समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र शांति चाहता है, विकास चाहता है और भारत का एक अभिन्न हिस्सा रहकर काम करना चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पूर्वोत्त के युवा भारत के विकास में योगदान देने के लिए एक कदम बढ़ाते हं, तो पूरा देश खुले दिल से चार कदम बढ़ाकर उनका स्वागत करेगा। देश के हर कोने के दिल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक खास स्थान है। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर पर देश गर्व महसूस करता है। पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक धरोहर के बिना भारत अधूरा है। शाह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर की पहचान को नया आयाम देते हुए इसे अष्टलक्ष्मी नाम दिया है, जो आठ राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का सम्मिलित रूप है।

## सिनेमा हॉल में इनवेस्टमेंट कराकर कारोबारी से हड़पे 90 लाख

सहारनपुर, 20 फरवरी (एजेंसी)। महानगर में प्रोपराइटर से धोखाधड़ी कर 90 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। सिनेमा के भागीदारों पर लूट का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट जाना पड़ा। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला घंटाघर स्थित एक सिनेमा से जुड़ा है। माधो नगर स्थित कुबेर पावर सॉल्यूशन के प्रोपराइटर गगनदीप शर्मा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में सिनेमा को ठेके पर लिया था। सिनेमा को आधुनिक बनाने के लिए 90 लाख रुपये खर्च कर प्रोजेक्टर, साउंड सिस्टम, सेंट्रल एसी, फायर फिटिंग, नई कुर्सियां और अन्य सुविधाएं जोड़ीं। सभी टैक्स और किराया भी नियमित रूप से अदा किया गया। आरोप है कि सिनेमा मालिकों ने मिलीभगत से उनके साथ 90 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। उन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना के 30 अक्तूबर 2024 को सिनेमा की पार्किंग का लीज एग्रीमेंट 11 महीने के लिए किसी और को दे दिया। आरोप है कि 30 अक्तूबर को सिनेमा की पार्किंग के पास उनके साथ 1850 रुपये की लूट की। पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट में प्रार्थनापत्र दाखिल किया। अब जाकर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी



**मुंबई, 20 फरवरी (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस को गुरुवार सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति के फोन कर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी दी। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गोरेगांव एवं जे जे मार्ग पुलिस थानों और राज्य सरकार के मुख्यालय मंत्रालय के नियंत्रण कक्ष में धमकी भरे फोन आए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी मिली है। एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मुंबई पुलिस को मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। गोरेगांव पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति से धमकी भरा ईमेल मिला है। पुलिस फिलहाल इस अज्ञात व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश कर रही है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि एकनाथ शिंदे इस समय दिल्ली गए हुए हैं। धमकी भरा ईमेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन और मंत्रालय को प्राप्त हुए हैं। इसलिए सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल इस मामले की जांच कर रही हैं। ईमेल में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस समय यह अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ने शरारत की होगी। हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से जांच शुरू कर दी है। चूंकि यह ई-मेल उपमुख्यमंत्री से संबंधित है, इसलिए पुलिस इसकी तलाश में जुट गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह ई-मेल कहां से आया और इसे किसने भेजा।

## सुप्रीम कोर्ट से अरुण गवली की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपराधी से राजनेता बने अरुण गवली की जमानत याचिका खारिज कर दी। अरुण गवली को साल 2007 में मुंबई शिवसेना के कॉरपोरेटर कमलाकर जमसांदेकर की हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा मिली थी। अरुण गवली ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर दावा किया कि वह साल 2006 की माफी नीति की सभी शर्तों को पूरा करता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अरुण गवली को राहत देने से इनकार कर दिया और बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने भी गवली की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार गुरुवार को कहा कि राज्य के अधिकारी ह्यदबाव मेंह्व हो सकते हैं, लेकिन न्यायपालिका नहीं। ह्यहिल स्टेशनह्व माथेरान में ई-रिक्शा लाइसेंस के आवंटन से जुड़ी न्यायिक अधिकारी की रिपोर्ट की सत्यता पर महाराष्ट्र सरकार के सवाल उठाने पर कोर्ट ने यह टिप्पणी की। महाराष्ट्र सरकार के वकील ने कहा कि न्यायिक अधिकारी की रिपोर्ट ह्यपूरी तरह से तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हो सकती है। इसके बाद जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के साथ पीठ में शामिल जस्टिस बी आर गवई ने कहा, आपके अधिकारी दबाव में हो सकते हैं, लेकिन हमारी न्यायपालिका नहीं। मुंबई से करीब 83 किलोमीटर दूर स्थित माथेरान में ऑटोमोबाइल की अनुमति नहीं है। राज्य के वकील ने कहा कि यह उचित होगा कि अधिकारी लाइसेंस आवंटन की प्रक्रिया को नए सिरे से शुरू करें। पीठ ने राज्य सरकार को ई-रिक्शा आवंटन की प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने के लिए प्रस्ताव लाने के वास्ते दो सप्ताह का समय दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट एक जिम्मेदार वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी द्वारा तैयार की गई है। न्यायालय मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को करेगा।

शेष - योगी सरकार लाई...

की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल है। सरकार ने प्रदेश में विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें साइंस सिटी, विज्ञान पार्क और नक्षत्रशालाओं की स्थापना और पुराने संस्थानों के नवीनीकरण की कार्ययोजना शामिल है। छात्रों के लिए आधुनिक वैज्ञानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 58 नगर निकायों को 'आदर्श स्मार्ट नगर निकाय' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक नगर निकाय को 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी, जिससे कुल 145 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन शहरों में आधुनिक सुविधाएँ, तकनीकी नवाचार और स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि जिला मुख्यालयों में कामगार/श्रमिक अड्डे बनाए जाएंगे। इनमें कैंटीन, पीने का पानी, स्नानागार और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह योजना श्रमिकों के रोजगार और जीवन स्तर सुधारने में मददगार साबित होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार ने 2 अक्टूबर 2024 से जीरो पॉवर्टी अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों की पहचान की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि इन परिवारों की वार्षिक आय को 1,25,000 रुपये तक लाया जाए और उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का यह बजट राज्य के विकास, तकनीकी उन्नति, शिक्षा सुधार, गरीबों के कल्याण और बुनियादी ढांचे के विस्तार को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आधुनिकता, नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

शेष - दिल्ली में 27 साल भाजपा...

रहीं और अब विधायक तथा मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वे पूरी ताकत से दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। उन्हें सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार पार्टी द्वारा चुनाव के दौरान दिल्ली की जनता से किये गये वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा, ह्यहमारी सरकार भ्रष्टाचार को कतई सहन नहीं करेगी और जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किये हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।ह्व श्रीमती गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं और इस समय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाद दूसरी महिला है, जो किसी प्रदेश का नेतृत्व कर रही हैं।

## सुभाषनगर में सर्राफ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** नई मण्डी थाने के गांधी कॉलोनी से सटे सुभाषनगर में उस समय सनसनी फैल गयी, जब क्षेत्र के लोगों को पता चला कि एक सर्राफ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सर्राफ शिवम वर्मा पुत्र स्व. रामेश्वर का सुभाषनगर में निवास है। गुरूवार की सुबह क्षेत्र में सूचना फैली कि शिवम ने फांसी लगा रखी है। सूचना पर आसपास के लोग पहुंचे तो वहां भीड़ पहले से ही इकट्ठा थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी हासिल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। शिवम की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शिवम द्वारा आत्महत्या के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया। शिवम की आत्महत्या को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

## युवक पर लाठियों की बारिश का वीडियो वायरल

**भोपा, 20 फरवरी (बु.)।** जमीनी विवाद के चलते युवक को सरेआम मारा-पीटा गया, जिससे युवक घायल हो गया। मारपीट की घटना का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में हुई मारपीट की घटना का एक वीडियो वायरल हो गया, जिसमें सड़क किनारे एक युवक पर दूसरा डंडों से ताबड़तोड़ वार कर रहा है। एक अन्य फावड़े से वार करने का प्रयास कर रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परिवार मे जमीन को लेकर रंजिश जारी बताई गयी है, जिसमें हुए विवाद मे पिन्टू नामक युवक के साथ सरेआम मारपीट की गई है। मारपीट मे घायल पिन्टू का भोपा अस्पताल मे उपचार कराया गया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।





## सोनिया गांधी की तबीयत खराब, गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें गुरुवार को बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर्स की एक टीम की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें बुखार की शिकायत के बाद गुरुवार को अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर्स की निगरानी में उन्हें रखा गया है।



## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संभाला कार्यभार

**नयी दिल्ली 20 फरवरी (वार्ता)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण लेने के बाद अपराह्न दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। वह शाम को मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता करेंगी। श्रीमती गुप्ता आज अपराह्न तीन बजे औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के लिए दिल्ली सचिवालय पहुंची। इसके बाद में उनका शाम पांच बजे यमुना बाज़ार स्थित वासुदेव घाट में कार्यक्रम है। नये मंत्रिमंडल की पहली बैठक आज ही शाम सात बजे दिल्ली सचिवालय में बुलायी गयी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 27 साल के बाद भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आयी है। राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आज आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने श्रीमती गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्रीमती गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गयी हैं। रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल में सात मंत्रियों सर्वश्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को शामिल किया गया है।




## सदर ब्लॉक परिसर में थामा 83 जोड़ों ने एक-दूजे का हाथ

- मुख्यमंत्री विवाह योजना में वैदिक मंत्रों के साथ गूंजी कुरान की आयतें
- जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने दिया नव दंपत्तियों को आशीर्वाद

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** यूपी में गरीब परिवारों के लिए मददगार बन रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरूवार को 83 नवदंपत्तियों को सरकार की योजना से लाभान्वित किया गया। सदर ब्लॉक परिसर में संपन्न कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रों के साथ कुरान की आयतों के बीच धार्मिक परम्परा पूर्ण कराई गई। सदर ब्लॉक में आयोजित हुए इस मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 83 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 16 जोड़े मोरना ब्लॉक, 10 जोड़े जानसठ ब्लॉक, 28 जोड़े सदर ब्लॉक,16 जोड़े खतौली ब्लॉक, 04 जोड़े नगर पंचायत जानसठ, 09 जोड़े नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के शामिल हुए। इन 83 नव दंपत्तियों में 25 मुस्लिम जोड़ों का निकाह एवं 58 हिंदू जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज के बीच विवाह संपन्न कराया गया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल का कार्यक्रम में पहुंचने पर समाज कल्याण अधिकारी विनीत मलिक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि उक्त सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत उन सभी गरीब बेटियों पर सरकार द्वारा 51,000 रुपए की धनराशि खर्च की जाती है, जिसमें वधू के लिए 35 हजार रुपए सीधे खाते में भेजे जाते हैं। वहीं दस हजार रुपए सामग्री पर खर्च करते हुए वधू के लिए शादी का जोड़ा, एक जोड़ी पायल, 1 जोड़ी बिछिया, वर के लिए एक जोड़ी पैंट शर्ट का कपड़ा, सेहरा, मुकुट, गमछा, 51 बर्तनों का डिनर सेट, प्रेशर कुकर एवं ट्रॉली बैग प्रदान किया गया। उन्होंने नव विवाहित वर-वधुओं को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि वो दोनों अपने दायित्वों को निभाते हुए दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत करें। विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित जोड़ों को इस बीच आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मोरना अनिल राठी, पूर्व प्रमुख अमित चौधरी, समाज कल्याण अधिकारी विनीत मलिक, विकास खंड अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।






## 83 बेटियों के खाते में पहुंची करीब 29 लाख की धनराशि

**विवाह कार्यक्रम में नहीं पहुंचे इस बार नौ जोड़े**

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** जिला मुख्यालय पर सदर ब्लॉक परिसर में गुरूवार को संपन्न हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 83 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामते हुए साथ चलने का संकल्प दोहराया। सरकार की ओर से प्रत्येक जोड़े की शादी पर जनपद में शुरू हुई 51 हजार रुपए व्यय करने की व्यवस्था की गई है। इस योजना में प्रत्येक बेटी को कन्यादान के रूप में 35 हजार रुपए की राशि मिलती है। गुरूवार को विवाह कार्यक्रम में 83 बेटियों की शादी हुई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में करीब 29 लाख रुपए की धनराशि टीबीटी के माध्यम से बेटियों के खातों में पहुंची है। इसके साथ 10 हजार रुपए प्रति जोड़े को सामान के रूप में खर्च करने के लिए वधु के लिए शादी का जोड़ा, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया, वर के लिए एक जोड़ी पैंट शर्ट का कपड़ा, सेहरा, मुकुट, गमछा एवं 51 बर्तनों का डिनर सेट, प्रेशर कुकर एवं ट्रॉली बैग आदि सामान दिया गया।बता दें, जनपद मुख्यालय पर गुरूवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सदर ब्लॉक में 92 जोड़ों की शादी कराई जानी थी। इस बीच कार्यक्रम में नौ जोड़े विवाह कार्यक्रम में नहीं पहुंचे, जिसमें से दो मुस्लिम और सात हिन्दू जोड़े शामिल हैं।

## छेड़छाड़ के मामले में हुए बवाल में पूर्व विधायक उमेश मलिक सहित छह आरोपी कोर्ट में पेश

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** 20 अगस्त 2013 को शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव शोरम में एक पंचायत का आयोजन किया गया था। इस पंचायत का आयोजन दंगे से पहले शोरम की एक युवती से छेड़छाड़ की गयी थी। बाद में आयोजित पंचायत में बुढ़ाना विधानसभा सीट से पूर्व विधायक उमेश मलिक व अन्य लोग पहुंचे थे। पंचायत के दौरान बवाल हो जाने के बाद गांव का बाशा घायल हो गया था। बाशा के पुत्र वाजिद ने पूर्व विधायक उमेश मलिक, रामपाल, नीरज, बिजेन्द्र, सम्राट, मनीष व सुधीर प्रधान के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना करते हुए सभी आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए अंतिम रिपोर्ट भी लगा दी थी, मगर बाद में वादी पक्ष के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को तलब किया था। गुरूवार को पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत सभी छह आरोपी एमपी, एमएलए कोर्ट में पेश हुए जहां कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाने के लिए एक मार्च की तिथि नियत की है। आपको बता दें कि इस मामले में एक आरोपी सम्राट की मुकदमा चलने के दौरान मौत हो चुकी है तथा वाजिद व अखलाक की गवाही भी पूरी हो चुकी है।



## ब्यूटी पार्लर से गायब दुल्हन मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** दो दिन पहले सजे सजाए मण्डप को छोड़कर अपनी महिला मित्र के साथ चली जाने वाली सुषुम्ना के मामले में नई मण्डी पुलिस फाइनल रिपोर्ट लगाने की तैयारी कर चुक है। पुलिस ने दुल्हन के बयानों का अवलोकन किया, जिसमें दुल्हन ने शादी से इंकार करते हुए सहेली पर लगाए गए सभी आरोप निराधार बता दिये, जिसमें पुलिस ने दुल्हन को परिजनों के सुपुर्द बुधवार को ही कर दिया था। इस मामले में पिता ने सुषुम्ना की सहेली सीमा पर अपहरण का आरोप लगाया था, जिसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गयी। पुलिस ने दुल्हन व उसकी महिला मित्र सीमा दोनों को ग्वालियर से बरामद किया था, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी थी, पुलिस ने जब दुल्हन के बयान लिये तो उसने यह बात साफ कह दी कि वह अपनी सहेली के साथ अपनी मर्जी से गयी थी, उस पर लगाए गए अपहरण के आरोप मिथ्या हैं। पुलिस उक्त मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने की तैयारी कर चुकी है।

## कुत्ते को बचाने के चक्कर में टैम्पो पलटा, मौत

**पुरकाजी, 20 फरवरी (बु.)।** पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव फलौदा में अनियंत्रित हुए एक टैम्पो के पलटने से वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। पुरकाजी कस्बे के मौहल्ला झोझगान निवासी 55 वर्षीय भंम्बू पुत्र अमरू मुजफ्फरनगर से टैम्पो से वापस अपने घर पुरकाजी लौट रहा था। जैसे ही टैम्पो गांव फलौदा पहुंचा, तो टैम्पो के सामने एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के चक्कर में टैम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें भंम्बू हरि की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई, जहां पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



## अखिलेश यादव ने बजट को बताया आवाज करने वाला खाली ढोल

**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का बड़ा हमला सामने आया है। उन्होंने बजट को लेकर कहा कि यह केवल एक ढोल के समान है। इसमें आवाज बहुत अधिक है, लेकिन भीतर पूरा झोला खाली है। सरकार की नीतियों को लागू किए जाने को लेकर भी उन्होंने सवाल खड़े किए। बजट पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने डबल ब्लंडर किया है। अखिलेश यादव ने यूपी बजट 2025-26 को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि यह बजट सरकार का सेकेंड लास्ट बजट है। इसके बाद जनता को नई सरकार चुनने का मौका मिलेगा।



## सुबह बारिश, शाम को बिजली और शामली में ओला

- शाम को कड़ाके की बिजली के साथ बारिश व ओलावृष्टि
- गुरूवार सुबह 7 एमएम हुई मुजफ्फरनगर में बारिश दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी में फरवरी माह में मार्च जैसी गर्मी का अहसास पा रहे क्षेत्र के लोगों को गुरूवार सुबह बड़ी राहत का अहसास लेकर आई। इस बीच मुजफ्फरनगर के साथ यूपी के कई जनपद में 20 व 21 फरवरी को मौसम में शुरू बदलाव देखने को मिला। मौसम विभाग की जारी चेतावनी के बीच गुरूवार को सुबह के बाद देर रात्रि फिर से हुई बारिश ने लोगों को घरों में छिपने को विवश कर दिया। बारिश के साथ साथ बादलों में बिजली की गड़गड़ाहट से लोग शहमे दिखाई दिये। वहीं शामली से ओलावृष्टि की सूचना मिली। शामली के कई इलाकों में ओलावृष्टि से फसलों को मामूली नुकसान होना बताया गया। एकाएक बदले मौसम ने फिर से एक बार गर्म कपड़े पहनने को मजबूर कर दिया। पिछले 15 दिनों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित कई इलाकों में पारा 26 डिग्री तक जा पहुंचा था, वहीं अब अधिकतम तापमान 22.0 व न्यूनतम 11.0 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार को भी मौसम विभाग ने कुछ इलाकों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। दिल्ली एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी समेत मुजफ्फरनगर जनपद में कई दिनों की गरमाहट के बाद फिर से रिमझिम बारिश के बीच लोगों को फिर से ठंडक का इस बीच अहसास होने लगा। सुबह को हुई बारिश के बाद देर सायं आसमान में भारी गड़गडाहट के बीच हुई बारिश ने बाजारों में सन्नाटा सा पसर गया। इस दौरान सर्द हवाओं के साथ शुरू बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी के साथ जहां गड़गडाहट से चिंता बढ़ा दी। वहीं पशुओं को घरों में बांधने को लोग जुगाड़ देखने लगे। मौसम विभाग के जारी किए आंकड़ों में गुरूवार के बाद अभी शुक्रवार को भी मौसम में बदलाव के साथ ही बारिश की संभावना जताई गई है। गुरूवार देर सायं तेज गड़गडाहट के साथ शुरू हुई बारिश ने किसानों के चेहरों पर चिंता बढ़ाने का काम किया। मौसम विभाग के जारी अलर्ट के अनुसार इन दो दिनों में दिल्ली-एनसीआर के साथ यूपी के गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी समेत करीब 33 जिले व आसपास के इलाकों में मौसम बदलने के साथ हल्की बारिश और ओले भी गिरने की चेतावनी जारी की है। इस बीच कुछ जिलों में बादल छाए रहने व धीमी गति से हवा चलने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के कुछ इलाकों में आसमान साफ रहने, शाम व सुबह के समय धुंध और हल्का कोहरा रहने एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 21 फरवरी को सीतापुर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व उसके आसपास के इलाकों में हल्की बारिश के साथ ओले गिरने की चेतावनी जारी की है। गुरूवार को जनपद में 7 एमएम बारिश के साथ दिन के तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।



### आज फिर निकलेगी धूप

मुजफ्फरनगर। गुरूवार को बारिश, बिजली और ओलावृष्टि के बाद शुक्रवार को मौसम साफ रहने का अनुमान है। गुरूवार को जहां बारिश के बाद पारा गिरकर न्यूनतम 11 व अधिकतम 22 डिग्री पर पहुंचा वहीं शुक्रवार को अधिकतम 24 व न्यूनतम 12 डिग्री रहने का अनुमान है व सूरज भी साफ दिखाई देगा। शनिवार को फिर से एक बार मौसम करवट लेगा और बारिश फिर से देखी जाएगी।

## गिल का नाबाद शतक, भारत ने बंगलादेश को 6 विकेट से हराया

**दुबई 20 फरवरी (वार्ता)** मोहम्मद शमी (पांच विकेट) और हर्षित राणा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (नाबाद 101 ) के शतक, केएल राहुल (नाबाद 41) और रोहित शर्मा (41) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते बंगलादेश को छह विकेट से हरा दिया। बंगलादेश के 228 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 10वें ओवर में तसकीन अहमद ने रोहित शर्मा को आउट कर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। रोहित शर्मा ने 36 गेंदों में सात चौकों की मदद से (41) रनों की पारी खेली। विराट कोहली (22), श्रेयस अय्यर (15) और अक्षर पटेल (आठ) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये के एल राहुल ने शुभमन गिल से पारी को संभाला। शुभमन गिल ने 129 गेंदो में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से (नाबाद 101) रनों की पारी खेली। के एल राहुल ने 47 गेंदों में एक चौके और दो छक्का लगाते हुए (नाबाद 41) रन बनाये। के एल राहुल ने तनजीम हसन साकिब की गेंद पर छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीता। बंगलादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। तसकीन अहमद और मुस्तफिज़ुर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां बंगलादेश के कप्तान नाजमुल हसन शान्तो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 35 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। सौम्य सरकार (शून्य) और कप्तान नजमुल शान्तो (शून्य), मेहदी हसन मिराज(पांच), तंजिद हसन (25) और मुशफिकुर रहीम (शून्य) पर आउट हुये। ये पांचों बल्लेबाज मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल और हर्षित राणा की धारदार गेंदबाजी के आगे ढ़ेर हो गये। ऐसे संकट के समय मो. तौहीद हृदोय और जाकेर अली की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट लिये रिकार्ड 135रनों की साझेदारी हुई। 43वें ओवर में मोहम्मद शमी ने जाकेर अली (68) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश की हालत ऐसी थी कि वे लटक- लटके हुए 200 पार। इसके बाद रिशाद हुसैन (18) को हर्षित राणा ने आउट किया। तनजीम हसन साकिब (शून्य) मोहम्मद शमी का चौथा शिकार बने। तसकीन अहमद (तीन) को भी शमी ने आउट किया। 50वें ओवर में की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने जूझारू पारी खेलकर शतक बनाने वाले मो. तौहीद हृदोय को आउटकर बंगलादेश की पारी का 228 के स्कोर पर अंत कर दिया। मो. तौहीद हृदोय ने 118 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (100) रनों की पारी खेली।

## महिला से लूट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

**खतौली, 20 फरवरी (बु.)।** कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर महिला को आतंकित कर सोने के आभूषण लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे लूटे कुण्डल व अवैध असलाह बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के निर्देशन में कोतवाली पुलिस जहां अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में सफल बनती जा रही है वहीं अपराधों पर भी अंकुश लगाने में प्रयासरत है। विगत 7 जनवरी को वादी शिवकुमार पुत्र मूलचन्द निवासी गांव जावन द्वारा कोतवाली में दी गयी तहरीर द्वारा अवगत कराया था कि रात्रि में वादी की माता सावित्री देवी जब घर में सो रही थी तब अज्ञात बदमाश उनके कानों से सोने के कुण्डल खींचकर भाग गया। वादी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत करते हुए पुलिस टीम गठित कर अपनी कार्यवाही शुरू की। कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनसे लूटे गए कुण्डल सहित नाजायज असलाह भी बरामद किया। कोतवाली प्रभारी ने बजाया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में राजेन्द्र उर्फ बलजीत उर्फ मूला उर्फ बिच्छू पुत्र हरजान व राज उर्फ राज सिंह उर्फ फाइटर पुत्र जीत सिंह निवासीगण योगेन्द्र नगर, थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर निवासी हैं। अभियुक्त राजेन्द्र उर्फ बिच्छु एक शातिर किस्म का लुटेरा है, जिसके विरुद्ध अनेक थानों में लगभग एक दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस टीम ने उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, मनोज सिंह सहित सुबोध कुमार, मोहन सिंह, मुनीश शर्मा, नरोत्तम, शौबीर आदि पुलिसकर्मी शामिल थे।




## 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

**खतौली, 20 फरवरी (बु.)।** कोतवाली पुलिस ने विगत 24 साल से फरार चल रहे दस हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा विगत 24 वर्षों से एक अभियोग में नामित फरार अपराधी व दस हजार रुपये का इनामी आरोपी रमेश पुत्र पिरथी निवासी नवीनगर, खांजापुर खतौली को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार अभियुक्त पर सन् 2001 में थाना खतौली पर एक घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का वादी द्वारा अभियोग दर्ज कराया गया था। कोतवाली में दर्ज मुकदमे में आरोपी रमेश को न्यायालय से जमानत हो गयी थी, उसके बाद वह कभी न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ था। अपने बचाव हेतु गांव निराना दिल्ली में रह रहा था। कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित को दिल्ली स्थित व उसके आवास से गिरफ्तार किया गया है।



## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म मामले में 20 साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला निवासी एक नाबालिग का अरुण उर्फ सरदार निवासी सुजडू अपहरण कर ले गया था। अपहरण के बाद आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म भी किया था। नाबालिग के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर लिया था और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलार्फ चार्जशीट भी दाखिल की थी। आज एडीजीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट की न्यायधीश अलका भारती की कोर्ट में हुई, जहां कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ छह गवाह पेश किये। दोनों पक्षों की बहस सुने जाने के बाद आरोपी को बीस साल की सजा व पन्द्रह हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

